बालाजी के चरणों में | by Tinka Soni

बालाजी के चरणों में ये काम कर दिया
एक दिल था वो भी इनके नाम कर दिया

कबसे थी तलाश मुझे इनके प्यार की
आज घडी मिट गई है इंतज़ार की
इनका नाम लेना सुबह शाम कर दिया
मैंने इनका नाम लेना सुबह शाम कर दिया
एक दिल था वो भी इनके नाम कर दिया

तुम मेरे रहो ये मेरी आरज़ू रहे
पूजता तुम्हे ही रहूं जुस्तुजू रहे
मन को मैंने अपना गुलाम कर दिया
एक दिल था वो भी इनके नाम कर दिया

मेरे मुस्कुराने की वजह तुम तो हो
मेरे दिल के हर आईने में तुम तो हो
अब तो इस जुबां पे राम राम कर दिया
मैंने अब तो इस जुबां पे राम राम कर दिया
एक दिल था वो भी इनके नाम कर दिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-tinka-soni/